आवश्यक वस्तुओं के लिए भटक रहे है लोग

लोगों को आवष्यक वस्तुओं का सामने वितरण करते डीएम महेन्द्र बहादुर सिंह। गाजियाबाद से पैदल घर लौट रहे युवकों से पूंछताछ करते पुलिस कर्मी। सड़क पर लगाई गई बैरीकेटिंग।

मैनपुरी। जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह, व उनकी टीम में शामिल सीडीओ नागेन्द्र शर्मा, एडीएम बी.राम, एसडीएम रजनीकांत व पूरा प्रशासन प्रत्येक जनपदवासी को उनके घर तक जरूरी चीजें तथा दूध, फल, सब्जी, राशन, आटा, दाल, पहुंचाने की व्यवस्था में जुटा नजर आ रहा है। वे स्वयं गलियों में अधीनस्थों के साथ घूम-घूम कर लोगों के बीच फलों, सब्जियों, राषन लोगों को उचित दर पर वितरण भी करा रहे है। इसके बाबजूद भी लोग राषन के अलावा अन्य वस्तुयें के लिए भटक रहे है। पुलिस कर्मियों से छिपते-छिपाते आवष्यक वस्तुओं को खरीदते नजर आ रहे है। लोगों की मांग बड़े महानगरों की तरह यहां भी किराने की कुछ दुकानों को खोलने की अनुमति दी जाये। जहॉ सोशल डिस्टेंसिंग रख सामान की बिक्री की जाए।

जनपद की सीमायें सील, चप्पे-चप्पे पर भारी पुलिस बल तैनात

मैनपुरी। कोरोना वायरस के बढ़ते खतरे को देखते हुये जनपद में पुलिस अधीक्षक अजय कुमार पाण्डेय व एएसपी ओमप्रकाष के निर्देषन में सीओ सिटी अभयनारायन, शहर कोतवाल द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये है। जनपद की सीमाओं को पूरी तरह से सील कर दिया गयाहै। बैरीकेटिंग लगाकर पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया। है बाहर से आने-जाने वालों पर रोक लगाने का पूरा बंदोबस्त किया हुआ है। बेवजह सड़कों पर घूमने वालों पर पुलिस कारवाई भी कर रही है। ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई करते हुये 40 से ज्यादा गाड़ियों को सीज किया, वही 80 गाड़ियों का चालान किया। इसके अलावा 15500 का जुमार्ना वसूला गया। वहीं कई लोगों को हिदायत देते हुए ट्रैफिक इंचार्ज देवेश शंकर पांडे ने लोगों से अपील की है कि आप लोग बेवजह सड़कों पर ना निकले अपने घर में रहें सेफ रहें।

मोबाइल शॉप के माध्यम से पहुंचेंगी आवश्यक वस्तुयें

गलियों में दूध, सब्जी, फल व राषन बेंचने वाले ठेले वालों के जारी किये गये पास

गली-गली, मोहल्ले-मोहल्ले, कस्बा-कस्बा, गांव-गांव हल्के वाहनों के माध्यम से आवश्यक सामग्री की आमजन के बीच आपूर्ति की व्यवस्था हेतु फल, सब्जी विक्रेताओं के पास जारी किए गए हैं, ताकि उन्हें इनका वितरण में किसी परेषानियों का सामना न करना पड़े। नगर में दवाओं की दुकानें निर्धारित समय में खोले जाने की व्यवस्था होने से जनमानस को काफी राहत हुयी। सोषल डिस्टेन्स के आधार से ग्राहक मेडीकल स्टोर से दवायें खरीद रहा है। वहीं दूधिया भी खाद विभाग द्वारा जारी पास दिखाकर दूध की बिक्री कर सकेंगे, प्रत्येक वार्ड, ग्राम में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति कराये जाने के प्रयास तेजी से किये जा रहे है। किराना दुकानदार भी घर-घर जाकर जरूरी सामान मोबाइल शॉप के माध्यम से पहुंचानें की जिम्मेदारी निभाने में जुट गये है।

कोरोना के खात्मे को जुटी नगर पालिका की टीम

मैनपुरी। कोरोना के कहर से नगर वासियों को बचाने के लिए नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती मनोरमा, स्वच्छ भारत मिषन के ब्राण्ड एंबेस्डर लक्ष्मण कुमार, ईओ लालचन्द्र भारती के निर्देष पर नगर पालिका की पूरी टीम तन,मन से तेजी से जुटी हुयी है। नगर में बेहतर साफ-सफाई का खास ध्यान रखा जा रहा है। कोरोना वायरस से नगर वासियों को बचाने के लिए सफाई निरीक्षक षिषुपाल व कार्यालय अधीक्षक सतीष बाबू, लिपिक वरूण मिश्रा, सोनू चैहान, लिपिक अरूण कुमार की देखरेख में पालिका के सफाई कर्मियों द्वारा लगातार सैनेटाइजर से छिड़काव किया जा रहा है। वहीं मच्छरों के प्रकोप से बचाने को फोगिंग व दवाओं का छिड़काव गली मोहल्लों में कराया जा रहा है।

महंगी दवा बेच रहे मेडीकल स्टोर संचालक की शिकायत

मैनपुरी,कुसमरा। कोरोना वायरस से बचाव के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसके लिए एडवाइजरी भी जारी की गई है कि निर्धारित से अधिक मूल्य पर वस्तुओं की बिक्री न की जाए। इस महामारी के प्रकोप से बचने के लिए लोग मेडिकल स्टोर से दवा ले रहे। जिसके चलते आज कुसमरा में हीरो मोटर्स के पास एक मेडीकल स्टोर चल रहा है। जिस पर उसका नाम अंकित नही है। अरविंद शाक्य पुत्र राम नरेश शाक्य निवासी कस्बा कुसमरा जब उजागरपुर में मेडिकल स्टोर से दवाई लेने गये। तो उसने अंदर से दवाई निकाल कर दी। जिसकी कीमत 90 रुपये थी। दुकानदार ने अरविंद को उस दवाई की कीमत 190 रुपये में उसको दी। दवाई की कीमत पर उसने छेड़छाड़ की। दुकानदार दुकान बंद कर भाग गया। जिसकी शिकायत उसने चौकी इंचार्ज विजय वर्मा सिंह चंदेल से शिकायत पत्र देकर की। उनका कहना है तहरीर मिली है। मामले की जानकारी कर करवाई की जायेगी।

कोरोना से मुक्ति पाने को मॉ से प्रार्थना

मैनपुरी। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मॉ शैलपुत्री की श्रद्धालुओं ने घरों में ही रहकर बड़े श्रद्धाभाव से पूजा अर्चना की। कोरोना के कहर के कारण मंदिर के पट पूरी तरह से बंद होनें के कारण मंदिरों में पिछले 4-5 दिनों से सन्नाटा ही पसरा हुआ है। बुधवार को भी नवरात्र का प्रथम दिन होने के बाद भी श्रद्धालुओं को मंदिरों में प्रवेष करने की इजाजत नही थी। माता के भक्तों ने अपने-अपने घरों में माता की चौकी सजाई और पूजा पाठ किया, जो कि लगातार नौ दिनों तक जारी रहेगा। इसके अलावा नगर के देवी मंदिरों में नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं को सैलाब नही उमड़ा, नवरात्र के प्रथम दिन घर-घर में माता शैलपुत्री की पूजा कर कोरोना जैसी महामारी से निजात दिलाने की कामना की। भक्तों ने नवरात्र के प्रथम दिन श्रद्धाभाव से माता की पूजा अर्चना की एवं व्रत रखा।

लॉक डाउन का पालन न करने पर 4 पर हुई रिपोर्ट दर्ज

मैनपुरी,कुरावली- देष मे कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए प्रधान मंत्री द्वारा लगाये गये 21 के लॉक डाउन के दूसरे दिन भी प्रधान मंत्री की अपील का पालन करते हुए ज्यादातर लोग घरों मे ही रहे। लेकिन कुछ लोग बिना कारण वाहनों को लेकर निकले लोगो को पुलिस ने डंडा दिखाकर घरो मे भेजा। वही नगर के मोहल्ला वैदन टोला निवासी सराफत पुत्र सरवर खां, नाजिम पुत्र रियासत खां, गंगाधर पुत्र प्रेमचन्द्र व जनपद एटा के मोहल्ला किदवई नगर निवासी आषिक पुत्र हमीद पर धारा 188 के तहत मुकद्दमा दर्ज कर जेल भेजा गया।

नवरात्र का दूसरा दिन- मॉ ब्रह्मचारिणी की हुई आराधना

मैनपुरी,कुरावली- चैत्र नवरात्रि के महापर्व के दूसरे दिन शक्ति के दूसरे रुप ब्रह्मचारिणी के स्वरुप की पूजा अर्चना श्रद्धालुओ द्वारा की गई। ब्रह्म का मतलब तपस्या और चारिणी का अर्थ आचारण करने वाली दक्ष द्वारा रचे गये यज्ञ मे शंकर भगवान के अपमान से आहत सती ने यज्ञ मे ही शरीर को होम कर दिया था। दूसरे जन्म मे हिमालय के यहां पुत्री के रुप मे अवतरित होकर भगवान शंकर को पति रुप मे पाने के लिए घोर तपस्या की थी। इस कठिन तपस्या के कारण देवी के इस रुप को तपस्चारिण अर्थात ब्रह्मचारिणी के नाम से जाना जाता है।

समाज सेवियों ने दिखाई दरियादिली, दिल्ली से पैदल लौट रहे राहगीरों को खिलाया खाना

मैनपुरी,कुरावली- दिल्ली एनसीआर मे काम करने बाले लोगो का पैदल ही अपने अपने घर जाने का सिलसिला आज भी जारी रहा। पैदल यात्रियों को खाना खिलाकर नगर के समाज सेवियो द्वारा पुनीत कार्य किया गया। पूरे देष में लॉक डाउन की घोषणा के बाद से ही वहां पर मेहनत मजदूरी करने वाले लोगों का पैदल ही पलायन शुरू हो गया था। जो लगातार अनवरत जारी है। नगर के समाजसेवी रामौतार सिंह राठौर व आलोक गुप्ता द्वारा पैदल रहागीरों को खाना खिलाकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया।

सड़क दुर्घटना में पुलिस कर्मी की हुई मौत

मैनपुरी,कुरावली-क्षेत्र के ग्राम खिरना भूड़ निवासी पुलिस कर्मी का गमगीन माहौल मे अंतिम संस्कार कर दिया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र प्रषांत द्वारा दी गई। इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य लोगो के साथ नोयडा से आये पुलिस कर्मी मौजूद रहे। क्षेत्र के ग्राम खिरना भूड़ निवासी मलिखान सिंह के दो पुत्रों मे बड़ा पुत्र मुनीष यादव जनपद गौतमबुद्ध नगर के जेवर थाना मे तैनाती के दौरान उस समय सड़क दुर्घटना मृत्यु हो गई। जब वह एटीएम रुपये निकालकर घर जा रहे थे। जैसे ही वह भारत धर्म कांटा के पास स्थित एटीएम से निकले तभी तेज गति से आ रही इनोवा चालक ने टक्कर मार कर घायल कर दिया था। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गइं थी। बुधवार की देर रात पैत्रिक गांव नगला भूड़ खिरना मे अंतिम सस्कार किया गया।

लोडर गाडी पलटने से चालक घायल

फिरोजाबाद। थाना टूण्डला क्षेत्र राजा का ताल पर वाहन पलटने से चालक घायल हो गया। जिसको उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जनपद आगरा के सिकन्दरा क्षेत्र केके नगर निवासी 35 वर्षीय नन्द किषोर पुत्र जानकी दास अपनी लोडर गाडी को लेकर आगरा से फिरोजाबाद सामान लेकर आया हुआ था। किसी तरह वाहन पलटने से वह घायल हो गया। जिसको मौके पर मौजूदा इलाका पुलिस के सिपाही दिनेश चन्द्र उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसका उपचार किया गया।

सड़क पर मैच खेलने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण क्षेत्र टीला मोहल्ल में लॉकडाउन के दौरान सूनसान सड़क पर मैच खेलने पर दो पक्षों में विवाद हो गया। पुलिस के पहुचते ही विवाद करने वाले लोग गायब हो गये। बताते चले कि थाना दक्षिण क्षेत्र टीला मौहल्ला में सुनसान सड़क पर कुछ लोग मैच खेल रहे थे। उसी दौरान दूसरे पक्ष ने सड़क पर खेलने के लिए मना किया। जिसको लेकर दो पक्ष आपस में आमने-सामने आ गये। सूत्रों की माने तो पथराव भी हुआ, घटना की जानकारी होने पर थाना प्रभारी निरीक्षक दक्षिण प्रमोद कुमार मलिक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुचे। पुलिस को देख दोनो पक्ष घरों को भाग लिये। पुलिस ने बताया के बच्चे मैच खेल रहे थे आपस में भीड गये। कुछ लोगो ने पत्थर फैंका लेकिन लोगो ने समझाते हुए उनको भागा दिया। फिलहाल मामला कोई बढ़ा नही था लोगों में चर्चा थी कि पुलिस समय पर नही आती तो मामला बढ़ सकता था।

गरीबों को राशन की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जायेगी-डीएम

---------- कालाबाजारी करने वालों पर होगी कारवाई ----------

मैनपुरी। जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार पांडेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में साफ तौर पर कहा कि किसी भी नागरिक को जरूरत के सामान के लिए परेशान न होना पड़े, उसे घर बैठे निर्धारित मूल्य पर खाद्य सामग्री, दूध आदि उपलब्ध हो इसके लिए सभी उप जिलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल करें, सभी फ्लोर मिल, आटा चक्की चालू रहें, शीतग्रहों में किसानों को अपना आलू जमा करने में किसी प्रकार की कोई कठिनाई न हो, जिन फल, सब्जी विक्रेताओं के पास जारी होने हैं तत्काल पास जारी किए जाएं, फ्लोर मिल, आटा चक्की स्वामी रू. 100, रू. 200 एवं रू. 500 मूल्य के आटे के पैकेट तैयार करें और उसकी बिक्री घर-घर जाकर करें।

बैठक में अधिकारियों को निर्देष देते डीएम महेन्द्र बहादुर सिंह।

उन्होने कहा कि सोशल डिस्टेंसिंग रख सामान की बिक्री की जाए, राशन डीलर खाद्यान्न वितरण करते समय डेढ़ मीटर की दूरी बनाकर लाइन लगवाएं और खाद्यान्न का वितरण करें, आम आदमी को बाजार, दुकान में न आना पड़े बल्कि दुकानदार उसके घर तक सामान पहुंचाएं ऐसी व्यवस्था जिला प्रशासन कर रहा है।

उन्होंने कहा कि ईंट भट्टा स्वामी अपने मजदूरों को राशन, खाद्यान्न की आपूर्ति सुनिश्चित कराएं कोई भी श्रमिक राशन के लिए परेशान न रहे, दिहाड़ी मजदूरों, बीपीएल कार्ड धारकों, गरीबों को जिला प्रशासन राशन की व्यवस्था सुनिश्चित कराएगा।

उन्होंने अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को जरूरी सामान के लिए भटकना न पड़े यदि किसी बीमार को दवाओं की आवश्यकता हो तो दवा विक्रेताओं से समन्वय स्थापित कर दवाएं मुहैया कराई जाएं सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी व्यक्ति के द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर किसी सामान की बिक्री न की जाए, कालाबाजारी करने वालों, अधिक मूल्य लेने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाए।

बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नगेंद्र शर्मा, अपर जिलाधिकारी बी.राम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. ए.के. पाण्डेय, उप जिलाधिकारी सदर, करहल, भोगांव, घिरोर, कुरावली, किषनी रजनीकांत, रतन वर्मा, सुधीर कुमार, अनिल कटियार, अनूप कुमार, राम शकल मौर्य, जिला पूर्ति अधिकारी उबैर्दुरहमान, प्रवर्तन अधिकारी डा. कौषलेन्द्र, जिला उद्यान अधिकारी अनीता सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सलिल द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

बिना कारण घर से निकल रहे है लोगों पर पुलिस कर रही कारवाई

कुसमरा में चार पहिया वाहन का चालान काटते चौकी इंचार्ज विजय वर्मा सिंह चंदेल।

मैनपुरी,कुसमरा। कोरोना वायरस की रोकथाम को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 21 दिन के लिए पूरे देश में लॉक डाउन करने की घोषणा होते ही कुसमरा पुलिस ने जनपद के कन्नौज बॉर्डर पर बैरियर लगाकर बाहर से आने बाले राहगीरों पर रोक लगा दी। गुरुवार को लॉक डाउन के बाद पूरे बाजार में सन्नाटा छाया रहा। लोग अपने घरों की छतों से स्थिति का नजारा लेते रहे।

पुलिस ने सदर बाजार, रामनगर रोड, मैंनपुरी रोड, इटावा रोड आदि सड़कों पर पैदल मार्च कर दुकानदारों को हिदायत दी कि दुकान खुली पाई गई तो कार्यवाही की जायेगी। दुपहिया व चार पहिया वाहन चालकों से पुलिस ने कारण पूंछा तो वह संतोष जनक जबाब नहीं दे सके। इस पर चौकी इंचार्ज विजय वर्मा सिंह चंदेल ने वाहनों पर जुमार्ना लगाकर पचास हजार रुपए का शमन शुल्क काटा। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस को लेकर डर फैला हुआ है इसके बाबजूद भी लोग इसको गंभीरता से नहीं समझ रहे हैं। बिना कारण घर से निकल रहे है, ऐसे लोगों को चिन्हित कर बड़ी कार्यवाही की जायेगी।

नगर निगम-जलकल विभाग गेट पर उमड़ी सैंकड़ों महिलायें

जलकल विभाग पर पहुंची महिलाओं को समझाती हुयी थाना पुलिस।

- कहा-मोदी जी ने कहा एक हजार रुपए मिलेंगे इसलिए आये
- बताया-यहां नहीं ऐसी कोई व्यवस्था-कैसे चलेंगे हमारे घर
- मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद हटाया

फिरोजाबाद। नगर निगम व जलकल विभाग के गेट पर कई क्षेत्रों किशन नगर, डाकखाना क्षेत्र व अन्य कई क्षेत्रों की महिलायें सैकड़ों की संख्या में पहुंच गयीं। उनका कहना था मोदी जी ने गरीबों के लिये एक एक हजार रुपए राशन के लिये देने को लिये कहा था, यहां इसीलिए आये, पर ऐसा कुछ भी नहीं है। जब काम बंद रहेगा, सब घर में रहेगा तो कैसे घर चलेगा, हमारे घर का खर्चा चलाने के लिये मोदी जी ने जो कहा है वह सुविधायें मिलें। मौके पर भीड़ को हटाने के लिये थाना पुलिस पहुंची और काफी समझाबुझाकर घर भेजा गया।

सरकार के मंसूबों पर पानी फेरने का कार्य कर रही नगर निगम

नाले के ऊपर लगी टोंटी से हरी सब्जियां धोता नगर निगम कर्मी। जिस कूड़ा गाड़ी में सब्जिया रखीं गयीं उसका तिरपाल ही देखें, कितना गंदा है।

- कूड़ा गाड़ियों में भरकर हरी सब्जियों को ले जाया गया-कहां तक सही?
- जबावदेही देने के लिये भी संपर्क करने पर नहीं उठा नगर आयुक्त का फोन
- आयी लोगों को घृणा-जब नाले के ऊपर लगी टोंटी से धोयीं हरी सब्जियां

फिरोजाबाद। केंद्र व प्रदेश सरकार जहां कोराना संक्रमण से बचने को जी तोड़ प्रयास कर रही है। वहीं इसके लिये 21 दिन का लॉक डाउन भी शुरू हो गया है। वहीं सीएम योगी के आदेशानुसार नगर निगम द्वारा आज कोटला रोड स्थित मंडी समिति से सब्जियों की खरीददारी सुबह ही शुरू हो गयी, लेकिन यहां अफसोस की बात यह रही कि इन सब्जियों को बहुत ही गलत तरीके से लेकर जाया गया, जिसके बारे में सोचकर ही मन घृणित होता है, दूसरा क्या इस तरह गंदगी वाले तरीके से कोराना संक्रमण कम होगा, आखिर क्या यही है नगर निगम का बेहतर प्रयास?

बताते चलें कि इन दिनों नवरात्र पर्व चल रहा है, दूसरा दिन है, जहां भक्तगण प्रमुख मंदिरों के पट बंद होने के कारण अपने घरों में विधि विधान से पूजा अर्चना कर रहे हैं वहीं सीएम योगी द्वारा डोर टू डोर सब्जियां पहुंचाने को लेकर नगर निगम टीम सुबह ही सक्रिय हो गयी।

इस सक्रियता भी साफ सफाई का ध्यान भी भूल गयी और कूड़ा भरने वाली गाड़ियों में सब्जियों का रखरखाव होने लगा, इतना ही नहीं नाले के ऊपर लगी टोंटी से हरी सब्जियों को नाले की किनारे पर ही रख धोया जा रहा था, पूछने पर कोई जबाव ढंग का देते नहीं बना, अब इससे अंदाजा लगाया जा सकता है नगर निगम इस तरह क्या साबित करना चाहता है, एक तरफ सेनेटाइजर व मास्क का संदेश देना दूसरी तरफ पवित्र त्यौहार पर व्रत के दिनों में कूड़े की गाड़ियों में सब्जियां भरकर ले जाना कहां तक सही है? शायद इसका जबाव जनता खुद जानती है, कुछेक जिसमें आम नागरिक सुनील कुमार आदि ने बयां भी किया, ऐसा करके सरकार के मंसूबों पर कहीं न कहीं पानी फेरने का कार्य किया जा रहा है। वहीं इस संबंध में नगर आयुक्त से उनके फोन पर सुबह और शाम दोनों बार संपर्क किया गया, पर उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

परदेश से अपने घर के लिए निकल पडे पैदल ही

बताया-कई जगह पुलिस ने दौड़ाया किया परेशान
सुभाष तिराहा पर बोले-बाहर मरने से अच्छा अपने परिवार के सामने मरे

परदेश से आये चार युवक सुभाष तिराहे पर अपनी व्यथा मीडिया को बताते हुये।

फिरोजाबाद। कोरोना वायरस के प्रकोप से बचाने के लिए देश के प्रधानमन्त्री द्वारा देश में लॉकडाउन का आदेश करने क बाद आने-जाने के लिए रेल-बस सेवायें बन्द कर दी हैं। जिसके कारण जनता को काफी परेशानी का सामना करना पडा है। वही लोग पैदल कौंसो दूर अपने घर के लिए निकल पडे हैं।

बताते चले कि जनपद मैनपुरी के गांव करहल निवासी अंकुश पुत्र हीरालाल, औरैया के देवराना निवासी विकास पुत्र रामसिंह, मैनपुरी के औछा क्षेत्र चेतई निवासी नरेन्द्र कुमार पुत्र गैंदालाल हरियाण प्रान्त के गुडगांवा सोनीपत में वाहन चालक रेडी चालक के रूप में कार्य करते थे। देश में लॉक डाउन होने के कारण वाहन की व्यवस्था न मिलने पर दो दिन पूर्व अपने घर के लिए पैदल ही निकल लिये। वह लगभग सैकडों किलो मीटर चलकर दोपहर को फिरोजाबाद के सुभाष तिराहा पर पहुंचे, जहां से पुलिस से बचते हुए पैदल की मैनपुरी के लिए निकल पडे। यात्रियों ने बताया कि दो दिन से भूखे है, कहीं रास्ते में भोजन तक नही मिला है। परदेश में मरने से अच्छा तो अपने घर पर परिजनों के सामने मरना ही ठीक रहेगा।

अलग-अलग गिरने से चार लोग घायल

फिरोजाबाद। अलग-अलग स्थानों पर गिरने से तीन लोग घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहॉ उनका उपचार भी किया गया। थाना एका के गांव नगला गुडिया निवासी 48 वर्षीय सावित्री देवी पत्नी जगदीष अपने घर पर कुछ काम कर रही थी। उसी दौरान अचानक गिरने से वह घायल हो गयी। जिसको उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। दूसरी घटना में थाना लाइनपार क्षेत्र के गांव रूपसपुर निवासी 14 वर्षीय निखलेश पुत्र त्रिलोक सिंह भी गिरने से घायल हो गया। थाना मक्खनपुर क्षेत्र इन्दूमई निवासी 70 वर्षीय सुल्तानसिंह पुत्र स्व. नरायन सिंह भी गिरने से घायल हो गया। जिसकोभी उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। वही थाना दक्षिण क्षेत्र गांव बासठ निवासी पंचमसिंह का आठ वर्षीय पुत्र शिवम घर के बाहर लगे सहतूत के पेड पर चढ़ा था। उसी दौरान गिरने से उसके दोनो हाथों की हडिडयां टूट गयी। जिसको भी स्वशासी मेडीकल कालेज लाया गया।

एसएसपी सचिन्द्र पटेल ने लिया लॉक डाउन सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

एसएसपी सचिन्द्र पटेल सुभाष तिराहा पर लॉक डाउन सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुये।

फिरोजाबाद। एसएसपी सचिन्द्र पटेल ने लॉक डाउन सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति को जानने के लिये दोपहर सुभाष तिराहा, जैन मंदिर क्षेत्र, गांधी पार्क चौराहा सहित कई स्थानों पर बेरीकेडिंग की स्थिति को जाना। इस दौरान कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। बताया गया कि लॉक डाउन सुरक्षा व्यवस्था का दूसरा दिन था, जिसको लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है, इसी क्रम में दोपहर एसएसपी सचिन्द्र पटेल, एसपी सिटी प्रबल प्रताप सिंह, सीओ सिटी डा. अरूण कुमार संग मौका मुआयना करने को निकले। वे सबसे पहले जैन मंदिर सुभाष तिराहा पर पहुंचे, यहां उन्होंने लॉक डाउन को लेकर बेरीकेडिंग सुरक्षा व्यवस्था को जाना, इसके साथ ही खुद भी कई आते जाते वाहन चालकों को चेक किया। वहीं गांधी पार्क चौराहा व अन्य प्रमुख चौराहों पर भी लॉक डाउन सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।